संख्या–cm-571
18/12/2025

## मुख्यमंत्री ने बिहार सरस मेला–2025 का किया भ्रमण

पटना, 18 दिसम्बर 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज गांधी मैदान में बिहार सरस मेला–2025 का भ्रमण किया और वहां की व्यवस्थाओं तथा उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि बिहार सरस मेला–2025 का आयोजन 12 दिसम्बर से 28 दिसम्बर तक किया गया है। इस मेले में बिहार के अलावा देश के दूसरे राज्य के लोग भी अपने उत्पादों की बिक्री कर रह हैं। इस मेले में हस्तशिल्प, लोककला और देशी व्यंजनों की प्रदर्शनी की गयी है। भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने वहां लगाये गये विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न उत्पादों की जानकारी ली। वहां उपस्थित उत्पादकों एवं विक्रेताओं ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस मेले में जो भी सामान प्रदर्शित किये गये हैं, उन्हें लोग पसंद कर रहे है और अच्छी बिक्री हो रही है। यहां की व्यवस्था बहुत अच्छी है, हम सब खुश हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार सरस मेला की अपनी अलग पहचान है। इस मेला में जो भी उत्पाद लगाये गये हैं उसे देखकर अच्छा लग रहा है। ग्रामीण उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिये सरकार द्वारा कई कदम उठाये गये हैं। सतत् जीविकोपार्जन योजना के तहत जीविका दीदियों को प्रोत्साहित किया गया है। उनके जीविका संवर्द्धन तथा स्वरोजगार के लिये सरकार द्वारा मदद की जा रही है। बहुत खुशी की बात है कि यहां भी उनके उत्पाद के कई स्टॉल लगाये गये हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह, जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी श्री हिमांशु शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******